श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
13.12.2024
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष त्रयोदशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 110

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:26 बजे
अस्त - 05:09 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 24 डिग्री से.
न्यूनतम : 15 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
थाना प्रभारी व पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण >> पेज 03
रश्मिका ने शेयर किया सलमान के साथ काम.... : पेज 04

**सुविचार**
दुनिया में हर इंसान अलग है, इसलिए जो जैसा है, उसे वैसा ही स्वीकार करना सीखे!

**न्यूज अपडेट्स**

### विधि-व्यवस्था की समस्या दोबारा नहीं होनी चाहिए : डीजीपी

**रांची।** हजारीबाग में उत्पन्न हुए विधि-व्यवस्था की समस्या को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि हजारीबाग में उत्पन्न हुए विधि-व्यवस्था की समस्या भविष्य में दोबारा नहीं हो। इस बैठक में एडीजी अभियान, आईजी अभियान, आईजी स्पेशल ब्रांच, डीआईजी रांची, डीआईजी हजारीबाग,डीआईजी बोकारो, डीआईजी स्पेशल ब्रांच, एसएसपी रांची, धनबाद, और एसपी हजारीबाग और लोहरदगा उपस्थित थे। डीजीपी ने निर्देश दिया कि हजारीबाग में जो घटना हुई, भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो उसके लिए हजारीबाग सहित विभिन्न जिलों में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। अगर कोई व्यक्ति गलत अफवाह या सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट शेयर करता है तो उसे चिन्हित कर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। आसूचना तंत्र को मजबूत किया जाय ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। सभी जिला के एसपी आवश्यक सुराक्षात्मक और निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में अनियमितता का आरोप लगाते हुए छात्रों ने हजारीबाग में जमकर बवाल किया था। छात्रों ने पहले रांची-पटना हाईवे (एनएच-33) को जाम कर दिया। इन्हें हटाने जब पुलिस पहुंची तो छात्रों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए और कई पुलिस वाहनों को भी क्षति पहुंची। इसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज किया।

## विधानसभा वर्ष 2019 के बाद से राज्य में दिखा परिवर्तन : हेमंत सोरेन

# जनादेश बड़ा है, तो जिम्मेवारी भी बड़ी है

बंशीधर न्यूज



**रांची।** छठी झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे पूर्व जितने भी अभिभाषण हुए, उनमें यह सबसे छोटा और अधिक दूरदर्शिता के साथ दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन की उपज है। खून से सींचा गया राज्य है। यहां के लोग स्वाभिमानी हैं। जो ठान लेते हैं, वो तब तक नहीं रुकते, जब तक मंजिल न मिल जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के बाद से परिवर्तन दिखा है। चाहे आधारभूत संरचना हो, पर्यटन हो या रोजगार सृजन हो। झारखंड देश का पहला राज्य है जहां श्रमिकों के लिए बेहतर कानून बनाया गया है। उन्होंने भाजपा विधायक सीपी सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बुर्जुग हो गए हैं। शहर को नया आयाम देने का काम किया गया है। रांची का चहुंमुखी विकास हुआ है। हर दिन एक नया अध्याय इस राज्य में जुड़ेगा। ये सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। गांव की अर्थव्यस्था नहीं बढ़ेगी तो राज्य के सर्वांगीण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। पूर्व में भी काम किया है आगे भी काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के बड़े-बड़े उद्योग, बोकारो, एचईसी, सिंदरी खाद कारखाना लगे। यह उस समय की बात है, जब देश को टाटा-बिड़ला के नाम से जाना जाता था। इसके बावजूद लोग भूमिहीन, बेरोजगार और विस्थापित होने लगे। हमें गर्व है, उन महापुरूषों पर जिन्होंने अपना लक्ष्य साधे रखा। लंबी लड़ाई लड़ी। 2000 में नया राज्य बना। यह सही है कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने नए राज्य पर मुहर लगाई लेकिन अलग राज्य की लड़ाई में दस महीने नहीं, वर्षों बरस लग गए। इस पीड़ा को हम लोगों से अधिक कोई नहीं समझ सकता। 2019 तक इस राज्य को दलदल में धकेलने का ऐसा प्रयास किया गया कि दोबारा उबर नहीं सके। 2019 में गठबंधन की सरकार बनी। इसके बाद भी सत्ता से बेदखल करने के कई हथकंडे अपनाए गए। आज दोबारा सरकार को इस मुकाम में पहुंचाने में जनता की भूमिका है।

## 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित



**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के चौथे एवं अंतिम दिन गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी सहित उनके सहयोगी दलों के विधायकों ने सरकार के उत्तर से नाराज होकर सदन का बहिर्गमन किया। इस बीच अनुपूरक बजट के साथ ही तत्संबंधी विनियोग विधेयक को भी सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी के कटौती प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया। राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए द्वितीय अनुपूरक बजट की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने साफ किया कि किसी विभाग की राशि को सरेंडर नहीं किया गया है जबकि चुनावी वर्ष में जिन विभागों की ओर से राशि खर्च करने में असमर्थता जताई गई, उसका उपयोग मंईयां सम्मान योजना और मुफ्त बिजली बिल के लिए इस्मेताल किया गया। अनुपूरक बजट पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने अपने समापन भाषण में कहा कि इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ। इसके अलावा राज्यपाल का अभिभाषण और अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के बाद इसे मंजूरी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में सभी सदस्य अलग-अलग दलों से, अलग-अलग विचारधाराओं से, अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, लेकिन वो उम्मीद करते हैं कि पूर्व कार्यकाल के भांति मेरे सभी सदस्य एक परिवार जैसा लगे आत्मिक भाव हो। हमेशा मेरे जीवन में अविस्मरणीय हो, न पक्ष, न विपक्ष सब उनके लिए सदस्य हैं। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

## 5.4 डिग्री से. के साथ सर्वाधिक ठंड रही गढ़वा में

### झारखंड में अगले तीन दिन शीतलहर का अलर्ट



**रांची।** झारखंड का पारा दिन-प्रतिदिन गिरता ही जा रहा है। इससे ठंड में लगातार बढ़ोतरी हो गयी है। अगले तीन दिनों तक राज्य में शीतलहर की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग ने इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 13, 14 और 15 दिसंबर को शीतलहरी का प्रकोप रहने की संभावना है। राज्य के 10 जिलों में शीतलहरी का प्रकोप रहेगा। इसका असर राज्य के धनबाद, बोकारो, रामगढ़, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा में देखने को मिलेगा। वहीं उत्तरी पछुआ हवा चलने से और अधिक कनकनी बढ़ेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 4.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आई है।

रांची, जमशेदपुर, डालटनगंज, बोकारो और चाईबासा में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। सबसे न्यूनतम तापमान गढ़वा में 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक सुबह में कोहरा रहेगा लेकिन बाद में मौसम साफ हो जायेगा।

## भाजपा अंकगणित में पीछे, पर वोट में आगे रही : बाबूलाल

बंशीधर न्यूज



**रांची।** छठी विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे रही। भाजपा को 37.37 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 15.56 प्रतिशत ही वोट मिले। सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे जिन मुख्यमंत्रियों का नाम ले रहे हैं, उनका खौफ आज भी सत्ता पक्ष में दिखाई दे रहा है। उन्होंने चाईबासा के गुदरी का जिक्र करते हुए कहा कि आज लोग वहां जाने से कतरा रहे हैं। पुलिस कोई काम की नहीं है। वहां जाकर देखना चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात है। संताल परगना सबसे ज्यादा प्रभावित है। झारखंड में एनआरसी करा दें तो पता चल जाएगा कि कौन कहां से आया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में बहाली की चर्चा की गई है, लेकिन सीजीएल रिजल्ट का विरोध हो रहा है। इसकी सीबीआई से जांच कराएं, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। भाजपा विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड की बुनियाद को बर्बाद किया जा रहा है। धान खरीद और मंईयां योजना की चर्चा हो रही है लेकिन रांची डीसी ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर कहा है कि अयोग्य की पहचान कर पैसा वसूली की जाए।

## एसपी ने खूंटी व पश्चिम सिंहभूम के मुखियाओं से की बैठक, कहा

# नक्सलियों-अपराधियों का सेंदरा न करें ग्रामीण

बंशीधर न्यूज



**खूंटी :** जिले के एसपी अमन कुमार के नेतृत्व में रानिया थाना अंतर्गत खटखुरा पंचयात के केनबांकी गांव और चाईबासा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र ताम्बा गांव में गुरुवार को मंजू सुरीन मुखिया खटखुरा पंचायत, सोमा मुंडा ग्रामप्रधान केनबांकी, वार्ड मेंबर एवं सुषमा डहंगा मुखिया, ताम्बा पंचायत तथा दोनों गांव के अन्य ग्रामप्रधानों और ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देश के कानूनी प्रावधान और कानूनी कार्रवाई के बारे जानकारी देते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सलह्वउग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों जरिये अपराधियों और उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंदरा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसे घटना में शामिल नहीं होने की एसपी ने अपील की। साथ ही अपराधी नक्सलियों की जानकारी देने और पकड़कर थाना और वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने की अपील एसपी ने की। अफीम, पोस्ता, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की खेती नहीं करने, उससे होने वाले नुकसान और कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी बैठक में दी गई। साथ ही डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, पुलिस से मदद पाने के लिए डायल-112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। बैठक में पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिए आमजनों से सुझाव लिये गये एवं उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए समाधान का प्रयास किया गया। बैठक में क्रिस्टोफर केरकेट्टा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा, अशोक कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक तोरपा अंचल और विकास कुमार जायसवाल थाना प्रभारी रानिया उपस्थित थे।

## धनबाद में अज्ञात युवक की गोली मारकर हत्या



**धनबाद।** धनबाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा पिछड़ी जाने वाले रास्ते में कंचन टॉकीज के समीप युवक का शव गुरुवार को बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों द्वारा शव देखे जाने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद बरवाअड्डा थाना के प्रभार में चल रहे सब इंस्पेक्टर अजय कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। बरवाअड्डा थाना प्रभारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक शव पाया गया है, लेकिन शव की शिनाख्त अबतक नहीं हो सकी है। आसपास के लोग शव को नहीं पहचान रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया गोली लगने से मौत का मामला प्रतीत हो रहा है। मृत युवक की उम्र करीब 40 साल के आसपास है। उसके शरीर पर एक गोली लगने का निशान दिखाई दे रहा है। वहीं, पास से एक खोखा भी बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना स्थल पर जांच शुरू कर दी गई है। सभी थाना को भी घटना को लेकर सूचित कर दिया गया है। साथ ही शव की शिनाख्त के लिए कोशिश जारी है।



# शादी का झांसा देकर जेई ने युवती के साथ बनाया शारीरिक संबंध, किया शादी से इनकार

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** बरडीहा थाना क्षेत्र के लावा चंपा गांव की एक युवती के साथ मझिआंव थाना क्षेत्र के गवारवा टोला निवासी गोविंद रजवार के पुत्र सह जेई (बरडीहा) छोटन रजवार के द्वारा पिछले एक वर्षों से युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में युवती ने बताया कि पिछले दो वर्ष पूर्व गवरवा टोला में मैं अपने मौसी के घर गई थी। इसी बीच मेरी मुलाकात छोटन रजवार से हुई। जिसके बाद एक वर्षों तक छोटन रजवार मुझसे वातार्लाप करता रहा, उसके बाद उसने मुझे शादी करने का झांसा देकर पिछले एक वर्षों से मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। इस एक साल के अंतराल में दो बार प्रेग्नेंट हो गई और छोटन रजवार ने दोनों बार मुझे दवा खिलाकर अबॉर्शन करा दिया। जबकि इस दौरान मैंने कहा कि जब हम दोनों के बीच संबंध है और शादी करनी है तो अबॉर्शन करवाने की क्या जरूरत है। मैं उससे शादी करने के लिये बोली तो उसने कहा कि बरडीहा प्रखंड में जेई के रूप में मेरी नौकरी हो गई है। तुम लोग गरीब हो तुम्हारा बाप मुझे दहेज नहीं दे पायेगा, इसलिये मैं तुमसे शादी नहीं करूंगा। साथ ही उसने धमकी देते हुये कहा कि अगर यह बात तुमने किसी और से बताई तो तुम्हें जान से मार देंगे। इसी बीच मैंने आवेश में आकर गत 28 नवंबर को जहर का सेवन कर लिया। इसके बाद परिजनों ने मुझे इलाज कराने के लिये गढ़वा सदर अस्पताल ले गये, वहां से रेफर होने के बाद मुझे डाल्टनगंज में उपचार कराया गया। इसके बाद उचित न्याय को लेकर मैंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। लगभग 15 दिन पूर्व उसके गांव गई और उसके घर पर रही तो उसके परिजन गाली गलौज करने लगे। उसके बाद मझिआंव एवं बरडीहा पुलिस भी पहुंची लेकिन उसे वहां से भगा दिया गया और बरडीहा पुलिस ने हमारे परिजन को हमें सौंप दिया। इस मामले को लेकर अदालत के निर्देश पर बरडीहा थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई ठोस पहल नहीं करने के कारण आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि छोटन रजवार को धर पकड़ के लिये निरंतर दबिश दी जा रही है, लेकिन वह फरार चल रहा है।

## न्यूज अपडेट्स

### पुआल के ढेर में लगी आग

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के बुका गांव में एक किसान के खलिहान में रखे पुआल के ढेर में अज्ञात तत्वों ने आग लगा दी। जिससे हजारों रुपये का पुआल जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी के अनुसार किसान सुनील मेहता ने अपने धान की फसल तैयार कर पुआल घर के सामने खलिहान पर रखा था। बुधवार की देर रात खलिहान पर पुआल के टाल में एकाएक आग लग गयी। जिसमें काफी मात्रा में पुआल जल गया। आग की सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचकर आसपास के लोगों के सहयोग से मोटर स्टार्ट कर आग को बुझाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### विधायक ने डीसी को भेजा पत्र



**रमना :** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुये विधायक अनंत प्रताप देव ने डीसी शेखर जमुआर से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सुबह-शाम अलाव जलवाने तथा असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण सुनिश्चित कराने को लेकर पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि लगातार कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट देखा जा रहा है। ऐसे में अलाव की व्यवस्था और कंबल वितरण कराना सुनिश्चित किया जाये।

## खुशखबरी ▶ डीसी ने की कनहर परियोजना से संबंधित बैठक

# ग्रामीणों के विरोध पर चर्चा

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय स्थित सभागार में कनहर परियोजना के संबंध में बैठक की गई। सोन कनहर अन्डरग्राउड पाईप लाईन परियोजना अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि, जो ग्राम खैरा, टोटकी एवं सिंजों, पंचायत मदगड़ी (च) अंतर्गत है, उसमें एल एंड टी द्वारा अन्डरग्राउंड पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण जल संसाधन विभाग को वर्णित ग्रामों की भूमि क्षतिपूरक वनरोपण के लिये वन विभाग गढ़वा को दिया जायेगा। परन्तु उक्त कार्य के लिये उपरोक्त गांव के लोगों द्वारा कार्य योजना में कुछ गतिरोध उत्पन्न किये जा रहे हैं। बैठक के दौरान योजना कार्य पूर्ण करने में आ रहे गतिरोध के कारणों से डीसी को अवगत कराया गया। उपरोक्त ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा एल एंड टी कम्पनी द्वारा मापी के क्रम में विरोध किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणो द्वारा उपरोक्त जमीन पर अपनी खेती-बाड़ी करने की बात कही जा रही है एवं पौधारोपण के कार्य करने से रोका जा रहा है। परन्तु वास्तव में उपरोक्त जमीन जल संसाधन विभाग का है, जिसे विभाग द्वारा पूर्व में ही अधिग्रहित किया जा चूका है। एल एंड टी के परियोजना सहायक ने बताया कि इस कार्य में ग्राम खैरा, टोटकी एवं सिंजो के ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक सर्वे अंतर्गत मापी करने में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 1973 में मंडल डैम के निर्माण के समय ही उक्त भूमि को जल संसाधन विभाग द्वारा अधिग्रहित किया जा चुका है, जिस पर कनहर सोन अंडरग्राउंड पाईपलाईन परियोजना अंतर्गत क्षतिपूरक वनरोपण का कार्य किया जाना है। इस कार्य में आवश्यक सहयोग के लिये संबंधित ग्राम के मुखिया को डीसी ने निर्देशित करते हुये कहा कि वहां के ग्रामीणों को क्षतिपूरक वनरोपण हेतु वास्तविक स्थिति को समझायें कि वर्णित भूमि पूर्व में ही जल संसाधन विभाग द्वारा अधिग्रहित है, इस पर कोई कन्ट्रक्शन कार्य नहीं किया जाना है, सिर्फ वनरोपण का कार्य किया जायेगा। डीसी ने निर्देशित किया कि सोन कनहर अंडरग्राउड पाईप लाईन परियोजना अंतर्गत क्षतिपूरक वनरोपण के लिये अनुमंडल पदाधिकारी, रंका, अंचल अधिकारी, भण्डरिया, अंचल निरीक्षक, भण्डरिया, संबंधित मौजा के राजस्व उप निरीक्षक एवं मुखिया तथा वन विभाग के सक्षम पदाधिकारी एवं एल एंड टी के परियोजना सहायक आदि द्वारा भी संबंधित स्थल का दौरा कर वहां के ग्रामीणों को वास्तविक वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। ग्रामीणों के बीच संवाद स्थापित करें और कार्य में आने वाले बाधा को दूर करें। बैठक में अपर समाहर्ता, उप निदेशक, पलामू टाईगर रिर्जव, मेदिनीनगर पलामू, एसडीओ, रंका, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, रंका, कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर पलामू, बीडीओ, भण्डरिया, सीओ भण्डरिया, अंचल निरीक्षक भण्डरिया, परियोजना सहायक एल एंड टी एवं सम्बंधित क्षेत्र के मुखिया उपस्थित थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरूद्ध जपला में रैली

बंशीधर न्यूज




**हुसैनाबाद :** सर्व सनातन समाज जपला की ओर से गुरुवार को बांग्लादेश में सनातनियों पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध हुसैनाबाद में आक्रोश यात्रा निकाली गई। शुरूआत स्थानीय महावीर भवन से की गयी। इसमें सैकड़ों की संख्या में सनातनियों के अलावा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों के संत पुरोहित ने भाग लिया। बांग्लादेश में सनातनी हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध समाज पर हो रहे बर्बरता पूर्वक अत्याचार के विरुद्ध एकजुटता का परिचय दिया। हाथों में तख्ती लिये अत्याचार व अन्याय के खिलाफ आवाज को बुलंद किया। जमकर नारेबाजी की। बांग्लादेश में हो रहे सनातनी समाज पर अत्याचार बंद करो, बांग्लादेश सरकार होश में आओ-होश आओ आदि नारा दिया। यात्रा अंबेडकर चौक, पटेल चौक, मधुशाला रोड, लंबी गली, इमामबाड़ा, पुरानी बाजार, गांधी चौक, मुख्य बजार होते हुये जय प्रकाश चौक पहुंचा। जय प्रकाश चौक स्थित बाबा विश्वनाथ भास्कर छठ पोखरा परिसर में जनसभा आयोजित की गई। संचालन राकेश तिवारी ने किया। संबोधित करते हुये आरएसएस जिला संचालक दिनेश प्रसाद कश्यप ने कहा कि बंगलादेश मे सनातनी हिन्दू, सिख, जैन बौद्ध धर्मावलम्बियों पर हो रहे अत्याचार बंगलादेशी सरकार की नाकामी है। इसे सनातन धर्म कभी बर्दास्त नहीं करेगा।

## चतरा के दो अपराधी मेदिनीनगर से धराये

# रेलवे स्टेशन क्षेत्र से 2 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** शहर थाना पुलिस ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन के समीप से 1.966 किलो मादक पदार्थ (गांजा) के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चतरा जिला के कुंडा निवासी आशीष कुमार शर्मा पिता बिरबल शर्मा व टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोकला निवासी टिकेश्वर महतो पिता ललकु महतो शामिल हैं। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोदार ने बताया कि पलामू एसपी को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के सामने दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से गांजा की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। सूचना के बाद प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने छापामारी की तो पुलिस को पहुंचता देख रेलवे स्टेशन की तरफ आ रहे दो संदिग्ध व्यक्ति टेम्पू से उतरकर भागने का प्रयास करने लगे। यह देख घेराबंदी करते हुये पुलिस ने दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान आशिष कुमार शर्मा के जिन्स के पॉकेट से एक ब्लू रंग का रियलमी कम्पनी का मोबाईल तथा जैकेट के अन्दर से एक काला रंग का प्लास्टिक में पैक किया हुआ मादक पदार्थ (गांजा जैसा) बरामद हुआ तथा टिकेश्वर महतो के पहने हुये जैकेट के अन्दर से काला रंग का प्लास्टिक में पैक मादक पदार्थ (गांजा जैसा) बरामद हुआ। गिरफ्तार व्यक्तियों ने पुलिस को बताया कि मादक पदार्थ (गांजा जैसा) पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के नौडीहा बेहरा निवासी मन्टू शर्मा द्वारा इन दोनों की दो पैकेट गांजा देकर डालटनगंज रेलवे स्टेशन के पास सुशील नामक व्यक्ति को देने को बोला गया था। इस काम के लिये इन दोनों को 1000/ (एक हजार रुपया) दिया जाता है। उन्होंने बताया कि अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत शहर थाना कांड सं. 450/2024 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोदार, पुअनि सोनु कुमार चौधरी, एएसआई रुद्रानन्द सरस व राजेश कुमार साहु, पुलिस जवान राकेश कुमार सिंह, सूर्वनाथ सिंह, अमित कुमार, संतन कुमार मेहता, रोहित कुमार, मुकेश कुमार सिंह, नंदलाल पटेल, जयंत कुमार दूबे व प्रफुल्ल कुमार सिंह शामिल थे।

### संसद में बीडी राम ने उठाया सोन-कनहर पाईप लाईन सिंचाई परियोजना का मामला



**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला में सोन-कनहर पाईप लाईन सिंचाई परियोजना के कार्य को पूर्ण कराने से संबंधित मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2017 में 1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाईप लाईन सिंचाई परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। मगर राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलंब से वर्ष 2019 में एलएनटी कंपनी के द्वारा शुरू किया गया। मार्च 2022 तक कार्य को पूरा करना था। समय पर काम पूरा नहीं होने के कारण कंपनी को कार्य का विस्तार करते हुये 30 जून 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया था। परंतु उक्त कंपनी द्वारा अभी तक कार्य को पूरा नहीं किया गया है। अभी भी कार्य अपूर्ण है जिसके कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। विदित हो कि उक्त सिंचाई परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी एवं गढ़वा जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाया जायेगा। उक्त परियोजना के निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने की आवश्यकता है। सांसद ने जल शक्ति मंत्रालय से सोन-कनहर पाईप लाईन सिंचाई परियोजना को अविलंब पूरा कराने की मांग की।

### डीडीसी ने की समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा

**मेदिनीनगर :** डीडीसी शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 82 पद सेविका का तथा 469 पद सहायिका का रिक्त है। डीडीसी ने रिक्त पदों पर नियमानुसार चयन हेतु संबंधित पोषक क्षेत्र के सीमांकन एवं सर्वेक्षण से संबंधित प्रतिवेदन दो दिनों के अंदर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने को लेकर सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया। साथ ही चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने व एक सप्ताह के अन्दर समाचार पत्रों में इसका कार्यक्रम निर्धारित करने का आदेश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि 29 महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा नवम्बर माह में मात्र 5 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया है। इसे चिंताजनक बताते हुये डीडीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं जिन परियोजनाओं में केंद्रों का निरीक्षण संतोषजनक नहीं पाया जायेगा उनके विरुद्ध आवश्यक दण्डात्मक कार्रवाई किये जाने के बात कही गई। पूरक पोषाहार कार्यक्रम की समीक्षा में पाया गया कि पांकी परियोजना को छोड़कर किसी भी परियोजना द्वारा माह नवंबर तक का पोषाहार अभिश्रव उपलब्ध नहीं कराया गया है। संबंधित परियोजना पदाधिकारी को एक सप्ताह के अंदर नवंबर तक का पोषाहार अभिश्रव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पोषण ट्रैकर की समीक्षा के दौरान सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि योजना के सभी मानकों का शत प्रतिशत इंट्री पोषण ट्रैकर में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थित बच्चों का तथा केन्द्र पर्यवेक्षण का फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

### वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिये बरतें आवश्यक सावधानी

**मेदिनीनगर :** माईक्रो फाईनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क द्वारा पांकी प्रखंड अंतर्गत सगालीम, तेतराई समेत कई गांवों में माईक्रो फाईनेंस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त एनबीएफसी-एमएफआई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को वित्तीय मामलों जैसे बचत और निवेश, ऋण और कर्ज, बजटिंग, बीमा तथा धोखाधड़ी से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। एमएफआईएन के नेशनल हेड रामा कामराजू ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुये कहा कि वित्तीय साक्षरता किसी भी व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम लोगों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखण्ड राज्य के पलामू जिले में कुल 28 माईक्रो फाईनेंस कम्पनियां कार्यरत है और यह सभी आरबीआई द्वारा रेगुलेटेड होती है। उन्होंने कहा कि एमएफआईएन ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि ग्राहक को किसी भी तरह के शिकायत हो तो लोन कार्ड में दिए गए श्ग्राहक शिकायत निवारण फोन नंबर पर अपना शिकायत दर्ज करवाएं।



# विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, संजय बने अध्यक्ष

बंशीधर न्यूज

**केतार :** पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन मुखिया प्रमोद कुमार की अध्यक्षता मे किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित राजेश्वर ठाकुर, नवीन प्रकाश, बसंत कुमार ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन प्रत्येक तीन साल के अंतराल पर होता है। 16 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति में 12 सदस्य छात्र-छात्राओं के माता-पिता होते हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार ने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि विद्यालय व विद्यालय के बच्चों की सफलता की जिम्मेदारी हम सब की है। विद्यालय को ज्ञान का मंदिर कहा जाता है, इसलिये इस ज्ञान के मंदिर में सभी अभिभावकों से अपील है कि वैसे लोगों का चयन करें, जिनका शिक्षा के क्षेत्र में विशेष लगाव हो। पर्यवेक्षक की ओर से विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्य एवं दायित्व बताये जाने के उपरांत 16 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष संजय ठाकुर एवं उपाध्यक्ष सलमा बीबी एवं संयोजिका पूनम देवी का चयन किया गया। जबकि सदस्य के रूप में अनुज कुमार, जीतन राम, इजहार आलम, नागेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता, रेशम देवी, रानी देवी, सोनी देवी का चयन किया गया। मौके पर बिंदु राम, उप मुखिया संजय पाल, विजय राम, महताब आलम, आदित्य मेहता, निर्मल पासवान, जोखू राम, माना जायसवाल, विनय राम और पुलिस बल एएसआई केके प्रसाद दल बल के साथ मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### ट्रांसफार्मर का तेल चुरा ले गये चोर

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के एनएच 39 सड़क किनारे अवस्थित भंडार गांव के गायत्री मंदिर के निकट लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल अज्ञात चोरों के द्वारा बुधवार की रात चोरी कर ली गई। जिसके बाद देर से गांव को विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई। गांव के लोगों के द्वारा घटना की जानकारी विद्युत विभाग के रेहला स्थित कार्यालय व विश्रामपुर थाना को दी गई है। भंडार गांव के लोगों ने कहा कि मुख्य पथ के किनारे चोरी की घटना प्रशासनिक लापरवाही को दशार्ता है। रात भर गाड़ियों का परिचालन होता है। ऐसे में चोरों को तनिक भी भय नहीं देखा गया। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि होने लगी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन दिनों युवाओं की टोली नशे की गिरफ्त में आ गये हैं। वे अपनी जरूरत को पूरा करने के लिये छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सड़क किनारे प्राय: चोरी की घटनाएं हो रही है।

### अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**लेस्लीगंज :** पुलिस ने ग्राम ईटहे से अवैध कोयला लदा ट्रक को जब्त किया है।लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 136/2024 धारा 316(2)/318(4)/3(5) के अभियुक्त जब्त ट्रक के चालक छोटेलाल उरांव पिता नागेश्वर उरांव उम्र 28 वर्ष एवं उपचालक निरंजन भगत पिता राजेंद्र भगत उम्र 19 वर्ष दोनों ग्राम हूंभू टोला बरहमोरिया थाना हेरहंज जिला लातेहार को गिरफ़्तार जेल भेज दिया गया।लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि पलामू पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी से लेस्लीगंज को ओर अवैध कोयला लदा ट्रक जा रहा है। तत्काल लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। जहां लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ईटहे से ट्रक को जब्त किया गया।

**अपराध** श्री बंशीधर नगर : चोरी के कई मामलों का खुलासा

# ससुराल में रहकर चोरी करने वाला यूपी का चोर गिरफ्तार

### मोबाईल और आभूषण बरामद

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस ने गत माह थाना क्षेत्र के जंगीपुर बस्ती एवं उसका कला (चौबेडीह) में हुई चोरी के मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी में संलिप्त विनोद भुईयां नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके उसके पास से 14 मोबाईल, चांदी का दो सेट पायल, कांसा का लोटा व थाली, एसीईआर कंपनी का एक लैपटॉप व चोरी की घटना में इस्तेमाल किया गया बिना नंबर प्लेट का मोडिफाई हीरो स्प्लेंडर बाईक भी बरामद किया है। विनोद भुईयां उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के बीजपुर थाना क्षेत्र के सिरसोती टोला महुआबारी का रहने वाला है। विनोद भुईयां श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोरया गांव में स्थित अपने ससुराल में रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिया करता था। गुरुवार को नगर ऊंटारी थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी देते हुये पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने बताया कि गत 19 नवंबर को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर बस्ती निवासी अनुज चंद्रवंशी एवं उसका कला (चौबेडीह) निवासी गीता देवी के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अनुज चंद्रवंशी के घर से चोरों के द्वारा दो मोबाईल, आभूषण व गीता देवी के घर से आभूषण व पैसे की चोरी कर ली गई थी। वरीय अधिकारियों ने दोनों मामलों के उद्भेदन के लिये उनके नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। टीम में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि संदीप कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, सअनि अनुज कुमार सिंह, संजय पासवान, आरक्षि कौशल कुमार द्विवेदी एवं निकेतन यादव को शामिल किया गया था। छापेमारी के दौरान टीम ने तकनीकी साक्ष्य व गुप्तचर की मदद से गत बुधवार को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से विनोद भुईयां को पकड़ा। जिसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उन्होंने बताया कि विनोद भुईयां की निशानदेही पर चोरी किये गये सामानों की विभिन्न स्थानों से बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान विनोद भुईयां ने पुलिस के समक्ष चौकाने वाला खुलासा किया है। वह श्री बंशीधर नगर बाजार तथा थाना क्षेत्र के अन्य घरों में मोबाईल, पैसा व आभूषण की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गढ़वा थाना क्षेत्र में भी चोरी की है। बकौल पुलिस इंस्पेक्टर विनोद भुईयां ने पुलिस को बताया है कि वह स्टील के बक्से में चोरी किये गये आभूषण को रखकर डैम में रखा है। जल्द ही पुलिस उसे रिमांड पर लेकर मामले की जांच करेगी। उन्होंने बताया कि विनोद भुईयां का यूपी में आपराधिक इतिहास रहा है। मेडिकल जांच के बाद विनोद भुईयां को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेसवार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर के साथ थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, सअनि संजय पासवान आदि मौजूद थे।

## वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में नये सत्र की शुरुआत

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिले के फरठिया स्थित वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में नये सत्र की शुरूआत की गई। इस दौरान ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य नये छात्रों को कॉलेज की संस्कृति, नियम और अनुशासन व्यवस्थाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ बसवराज कलाली ने दीप जलाकर की। मौके पर प्रधानाचार्य ने छात्रों का स्वागत करते हुये उन्हें कॉलेज के उद्देश्यों, पाठ्यक्रमों, अनुशासन और आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। कॉलेज के वाइस चांसलर प्रो डॉ एमके सिंह ने छात्रों को आगामी सत्र के बारे में मार्गदर्शन किया एवं पढ़ाई के साथ अनुशासन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस सत्र में बीडीएस 2024-28 एवं एमडीएस 2024-27 के छात्र-छात्राओं जो की देश के विभिन्न राज्यों से आये हुये बच्चों का स्वागत किया गया। मौके पर विभाग के एचओडी डॉ एके सिन्हा, डॉ श्रुति, डॉ सुप्रिया पटेल, डॉ अभिषेक, डॉ रमीज, डॉ राजेश, डॉ बद्री ने अपने संबंधित विभागों की जानकारी दी। मंच का संचालन डॉ तानिया वर्मा ने किया।

## थाना प्रभारी व पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण



**गढ़वा :** जिले में एसपी दीपक कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार कई थाना प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है। वहीं मझिआंव अंचल पदाधिकारी सह पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी को मझिआंव थाना का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बताते चलें कि गढ़वा जिला बल के पुलिस पदाधिकारी के ज्ञापांक 9282 के तहत रमना के थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी को रंका थाना प्रभारी, मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार को रमना थाना प्रभारी, डंडा थाना प्रभारी अविनाश राज को कांडी थाना प्रभारी एवं विशुनपुरा थाना पुलिस अवर निरीक्षक अमित प्रशांत को डंडा थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम को कनीय अवर निरीक्षक गढ़वा थाना भेजा गया। इसके साथ-साथ रंका थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार केशरी को गढ़वा थाना एवं गढ़वा थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक लालमन बैठा को पुलिस केंद्र गढ़वा भेजा गया है। वहीं सभी लोगों को आदेश दिया गया है कि 24 घंटे के अंदर अपने नवपदस्थापन स्थान पर योगदान देते हुए योगदान प्रतिवेदन के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

### कांडी के नये थाना प्रभारी अविनाश राज ने दिया योगदान



**कांडी :** थाना क्षेत्र के नामचीन बदमाश व पूर्व के आपराधिक घटनाओं में शामिल अपराधियों पर शिकंजा कसा जायेगा। उक्त बातें कांडी के नये थाना प्रभारी अविनाश राज ने थाना में योगदान देने के बाद कही। नये थाना प्रभारी के रूप में अविनाश राज ने गुरुवार को कांडी थाना में योगदान दिया। योगदान के पश्चात उन्होंने थाना क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुये कहा कि महिलाओं व छोटी बच्चियों से संबंधित अपराध हो तो कांडी थाना को सूचना दें, सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि घर में पारिवारिक स्तर से संबंधित मामले जिसमें सास, ससुर द्वारा पड़ताड़ना, पति द्वारा पड़ताड़ना आदि शामिल है, इस तरह के मामले में वरीय पदाधिकारियों से निर्देश प्राप्त है कि काउंसलिंग के तहत मामले को सुलझाना है, इसलिये इस तरह के मामले में तुरंत एफआईआर नहीं होगा व काउंसलिंग के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया जायेगा।

### वाहन चेकिंग में सात बाईकें जब्त

**मझिआंव :** एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर गुरुवार को एंटी क्राईम के तहत पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना एसआई नसीम अंसारी एवं पुलिस बल ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें बिना हेलमेट एवं दस्तावेज के साथ बाईक जब्त कर थाना लाया गया। जिसे आगे की कार्रवाई के लिये परिवहन विभाग में भेजा गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा सभी बाईक सवार को अपने-अपने हेलमेट लगाकर एवं दस्तावेज के साथ चलने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा पकड़े जाने पर उन्हें गाड़ी को चालान कर दिया जायेगा।

### बालू की कमी को लेकर विस परिसर में धरना पर बैठे शशिभूषण मेहता




**मेदिनीनगर :** पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बालू की कमी को लेकर पीएम आवास व अबुआ आवास का निर्माण कार्य ठप होने के मामले को लेकर झारखंड विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। विधानसभा के चालू सत्र के चौथे और अंतिम दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले उन्होंने सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर भी प्रदर्शन किया। विधायक डा मेहता ने पलामू में एक सप्ताह के अंदर बालू की कीमत में अप्रत्याशित वृद्धि पर चिंता जताई और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बालू को फ्री किया जाना चाहिये। जिस तरह से बालू की कालाबाजारी चरम पर है और प्रति ट्रैक्टर पैसे की वसूली हो रही है, उससे आम लोग परेशान है।

**भारतीय भाषा उत्सव भारतीय संस्कृति और बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देता है : निदेशक**

# महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनी

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के मौके पर शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं सुब्रमण्यम भारती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में भाषा सद्भावना को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों को विविध भाषा के महत्व तथा उनके बीच में जागरूकता निर्माण करना है। अपनी मातृभाषा में महारत हासिल करने के अलावा अन्य भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिय यह कार्यक्रम प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि सुब्रमण्यम भारती तमिल भाषा के साथ-साथ भारत के अनेक भाषाओं के समर्थक रहे। भारत में विविधता में एकता बनाये रखने के लिये तथा बहुभाषी समाज की स्थापना करने के लिये यह कार्यक्रम अति उत्तम है। भारतीय भाषा उत्सव भारतीय संस्कृति और बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देता है। विद्यालय स्तर पर अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्कूली बच्चों ने न केवल अपनी भाषा की महत्व समझेंगे बल्कि प्रकृति और सामुदायिक जुड़ाव को भी महसूस करेंगे। मौके पर शिक्षक नीरा शर्मा, खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी कुमार, ज्योति तिवारी, रागिनी कुमारी, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।



# 'रामायण' के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों पर भड़की साई पल्लवी

साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस साईं पल्लवी जल्द ही नितेश तिवारी की रामायण में सीता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर प्रभु श्रीराम और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका निभाएंगे। खबरें थीं कि इस फिल्म के लिए रणबीर कपूर ने मांसाहारी खाना छोड़ दिया है। अब ऐसी ही जानकारी साई पल्लवी के बारे में सामने आई है, जिसके बाद साई पल्लवी ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रतिक्रिया दी है। खबरें थीं कि साईं पल्लवी ने फिल्म 'रामायण' के लिए मांसाहारी खाना छोड़ दिया है, लेकिन उन्होंने ऐसी खबरों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने ऐसी अफवाहों पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। साई पल्लवी ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया, जिसमें कहा गया था कि 'रामायण' में सीता का किरदार निभाने के लिए वह शाकाहारी बन गई हैं। साईं पल्लवी ने लिखा, जब मैं ऐसी झूठी, बेबुनियाद, मनगढ़ंत बातें देखती हूं तो मैं चुप रहना चुनती हूं, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं प्रतिक्रिया दूं, क्योंकि यह लगातार हो रहा है और रुक ही नहीं रहा है। ऐसा खासकर तब होता है जब मेरी फिल्में रिलीज होती हैं, फिल्मों की घोषणा होती है या जब मेरे करियर में कुछ अच्छा होता है। अगली बार जब मैं मनगढ़ंत खबरें देखूंगी तो आप मुझसे कानूनी तौर पर सुनेंगे। साई पल्लवी के काम की बात करें तो उन्हें आखिरी बार तमिल फिल्म अमरन में देखा गया था।

## रश्मिका ने शेयर किया सलमान संग काम करने का अनुभव



साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी फिल्म 'पुष्पा - 2' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शक खूब सराहा रहे हैं। रश्मिका मंदाना अब बॉलीवुड के भाईजान स्टारर सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान सलमान खान के साथ एक किस्सा सुनाया है। एक इंटरव्यू में रश्मिका ने फिल्म 'सिकंदर' के अपने अनुभव और फिल्म की शूटिंग के कुछ किस्सों के बारे में बात की। उन्होंने सलमान की तारीफ करते हुए कहा, यह अनुभव किसी सपने के सच होने जैसा है। सलमान सर बहुत अच्छे इंसान हैं और स्वभाव से बहुत ही सरल और विनम्र हैं। रश्मिका ने अपनी बीमारी का एक किस्सा भी बताया। उन्होंने कहा, जब हम शूटिंग कर रहे थे तो मेरी तबीयत खराब हो गई। मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। जैसे ही सलमान सर को यह पता चला, तो वे मेरे पास आये और पूरी टीम से सेट पर मेरा ख्याल रखने को कहा। साथ ही मुझे अच्छा खाना और गर्म पानी जैसी सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए भी कहा।' उन्होंने कहा, वे वास्तव में हमारी परवाह करते हैं और हमें एहसास दिलाते हैं कि हम कितने खास हैं। वह देश के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं, फिर भी वह बहुत विनम्र और व्यावहारिक हैं। फिल्म 'सिकंदर' के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं इस फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हूं। साथ ही, यह मेरे लिए बहुत खास फिल्म है और दर्शकों और प्रशंसकों की तरह मैं भी 'सिकंदर' को सिल्वर स्क्रीन पर देखने के लिए उत्साहित हूं।

## एक फ्रेम में षष्ठम झारखंड विधानसभा के सभी माननीय सदस्यगण



# स्वदेशी 'जोरावर' टैंक ने उच्च ऊंचाई पर गोले दागकर क्षमता सिद्ध की



**नई दिल्ली।** भारतीय लाइट टैंक 'जोरावर' ने 4200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर विभिन्न रेंजों में कई राउंड फायर करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उच्च ऊंचाई वाले स्थान पर यह परीक्षण पहले चरण में रेगिस्तानी वातावरण में लगातार सटीक परिणामों के बाद किया गया है।इसी के साथ वायु सेना ने दूरदराज के स्थानों में त्वरित तैनाती के लिए टैंक की एयर लिफ्टिंग क्षमता का प्रदर्शन भी किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लाइट टैंक के सफल उच्च ऊंचाई परीक्षणों पर डीआरडीओ, भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और लार्सन एंड टुब्रो को बधाई दी है।
चीन की सीमा पर पहाड़ी इलाकों के लिए उपयुक्त तेज बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों की तलाश पूरी हो गई है। चीन के साथ सैन्य टकराव के बीच पूर्वी लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश जैसे स्थानों पर उच्च ऊंचाई वाले युद्ध के लिए डिजाइन किए गए स्वदेशी जोरावर लाइट टैंक का पहला परीक्षण सितंबर में रेगिस्तानी इलाकों में किया गया था। फील्ड ट्रायल के दौरान रेगिस्तानी इलाकों में सफल परिणाम मिलने के बाद अब 4200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर विभिन्न रेंज में गोले दागने के परीक्षण किये गए हैं। इस टैंक को 25 टन वर्ग के बख्तरबंद लड़ाकू वाहन के रूप में डिजाइन किया जा रहा है, ताकि उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। इस लाइट टैंक को भारतीय सेना की जरूरतों के अनुसार रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की चेन्नई स्थित प्रयोगशाला, कॉम्बैट व्हीकल्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट ने डिजाइन और विकसित किया है। इसका निर्माण लार्सन एंड टुब्रो प्रिसिजन इंजीनियरिंग एंड सिस्टम्स ने किया है। इसकी डिजाइन से लेकर कार्यान्वयन और उच्च ऊंचाई पर प्रदर्शन तक का काम तीन वर्षों में पूरा किया गया है। भारतीय वायुसेना ने टैंक को 4200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर पहुंचाकर अपनी एयरलिफ्ट क्षमता का भी प्रदर्शन किया है। इससे परिचालन स्थितियों में टैंक को पहाड़ी इलाकों में त्वरित रूप से तैनात करने में सहायता मिलेगी, जो सड़क या रेल के माध्यम से संभव नहीं थी। पूर्वी लद्दाख में टकराव के बाद भारतीय सेना ने चीन को चौतरफा घेरने के लिए एलएसी पर 40 से 50 टन वजन वाले रूसी मूल के भीष्म टी-90, टी-72 अजय और मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन भी तैनात कर रखे हैं। लद्दाख के ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए सेना के जवानों को कई दर्रों से गुजरना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ऑपरेशन के दौरान आवश्यकता पड़ने पर टी-72 और अन्य भारी टैंक उस स्थान तक नहीं पहुंच सकते हैं। इसलिए उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए हल्के वजन वाले टैंकों की जरूरत महसूस की गई, ताकि इन्हें 8 से 10 हजार फीट की ऊंचाई पर ले जाया जा सके। इसके बाद भारत ने खुद 'प्रोजेक्ट जोरावर' के तहत 25 टन से कम वजन वाले 354 टैंकों का निर्माण करने का फैसला लिया। सैद्धांतिक रूप से डीआरडीओ को 2021 के अंत तक 354 टैंकों की आवश्यकता में से 59 का निर्माण करने के लिए हरी झंडी दे दी गई थी। इसके बाद डीआरडीओ ने हल्के टैंकों को विकसित किया और एलएंडटी को इसके निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। एलएंडटी ने डीआरडीओ के सहयोग से ढाई साल के भीतर स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर का पहला प्रोटोटाइप तैयार कर लिया है, जिसके परीक्षण किये जा रहे हैं। उपयोगकर्ता परीक्षणों से पहले 'जोरावर' को कुछ और परीक्षणों से गुजरना होगा।

## पीएम मोदी आज प्रयागराज में

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के दौरे पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान वो महाकुंभ-2025 मेला क्षेत्र में




की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही 5500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री मोदी के आज के इस कार्यक्रम की सूचना एक्स हैंडल पर साझा की है। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने प्रधानमंत्री के प्रयागराज दौरे के कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर जारी विज्ञप्ति में पूरा विवरण दिया है। पीआईबी की विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रयागराज में दोपहर करीब 12:15 बजे संगम में पूजा-अर्चना और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12:40 बजे अक्षय वट वृक्षस्?थल पर पूजा करेंगे। यहां से वो हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप जाएंगे। दोपहर करीब 1:30 बजे वो महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद दोपहर करीब दो बजे प्रयागराज में लगभग 5500 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

Hit लिस्ट

## एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने की पद छोड़ने की घोषणा

**वॉशिंगटन।** एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा है कि वे बाइडन का कार्यकाल खत्म होने के बाद जनवरी में अपना पद छोड़ देंगे। क्रिस्टोफर रे की यह घोषणा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस घोषणा



के एक सप्ताह के बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था। बुधवार को एफबीआई मुख्यालय में आयोजित बैठक में क्रिस्टोफर ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि 'पद छोड़ने का निर्णय उनके लिए आसान नहीं था। मुझे इस जगह से प्यार है और मुझे अपने काम से भी प्यार है लेकिन मेरा फोकस हमेशा इस बात पर रहा है कि एफबीआई के लिए क्या सही है।' रे के इस्तीफे की घोषणा के तुरंत बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट साझा करते हुए इसे अमेरिका के लिए एक अच्छा दिन बताया और कहा कि इससे अमेरिका के 'अन्याय विभाग' का शस्त्रीकरण बंद होगा।

## देश में एएसआई संरक्षित 92 स्मारक गायब

**नई दिल्ली।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की निष्पादन लेखा परीक्षा रिपोर्ट (2013 का 18) में कहा गया है कि भारत के 92 संरक्षित स्मारक गायब हैं। यह जानकारी केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज राज्य सभा में एक लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा अपने विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से किए गए बाद के सर्वेक्षण से पता चला है कि 18 संरक्षित स्मारक और स्थल संरक्षण की अच्छी स्थिति नहीं हैं। सर्वेक्षण के दौरान एएसआई के क्षेत्रीय कार्यालयों ने पता लगाया कि तेजी से शहरीकरण के कारण स्मारकों पर दबाव एक बड़ी चुनौती है। इसके अलावा, मल्टी-टास्किंग स्टाफ, निजी सुरक्षा गार्ड और सीआईएसएफ के माध्यम से स्मारकों की देखभाल और निगरानी की जाती है।

### सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 के 14वें दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराया

# डी गुकेश बने सबसे युवा विश्व चैंपियन, तोड़ा गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 के 14वें दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। गुकेश ने अंतिम राउंड जीतकर 7.5 अंक हासिल कर खिताब अपने नाम किया, जबकि लिरेन के 6.5 अंक रहे। लिरेन को हराने के बाद गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं, उन्होंने गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारतीय ग्रैंड मास्टर चैंपियनशिप की शुरूआत में पीछे थे, क्योंकि उन्हें शुरूआती राउंड में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन, गुकेश ने तीसरे राउंड में वापसी करते हुए फाइनल में बराबरी हासिल



की। गुकेश ने 11वें राउंड में बढ़त हासिल की थी, लेकिन इसके बाद डिंग ने बेहतरीन पलटवार किया और 12वां राउंड जीतकर मैच बराबर कर लिया, 13वां राउंड ड्रा रहा और इसके बाद गुकेश ने 14वां और अंतिम राउंड जीतकर मैच खिताब अपने नाम किया। गुकेश ने इस साल की शुरूआत में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

### विश्व चैंपियन बनने वाले दूसरे भारतीय

इसके अलावा विश्वनाथन आनंद के बाद गुकेश दूसरे भारतीय हैं, जिन्होंने विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। विश्वनाथन आनंद 2000-2002, 2007-2013 तक विश्व चैंपियन रहे थे।

### सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बने गुकेश

गुकेश 18 वर्ष 8 महीने 14 दिन में विश्व शतरंज चैंपियन बने, जबकि गैरी कास्परोव ने 9 नवंबर, 1985 को 22 वर्ष 6 महीने 27 दिन में यह उपलब्धि हासिल की थी, इस सूची में तीसरे नंबर पर मैग्नस कार्लसन हैं, जिन्होंने 23 नवंबर, 2013 को 22 वर्ष 11 महीने 24 दिन में विश्व चैंपियन का ताज पहना था। इस सूची में नंबर चार पर मिखाइल ताल ( 23 वर्ष 5 महीने 28 दिन - 7 मई, 1960), पांचवें स्थान पर अनातोली कार्पोव (23 वर्ष 10 महीने 11 दिन - 3 अप्रैल, 1975), छठे स्थान पर व्लादिमीर क्रैमनिक (25 वर्ष 4 महीने 10 दिन - 4 नवंबर, 2000) और सातवें स्थान पर इमानुएल लास्कर (25 वर्ष 5 महीने 2 दिन - 26 मई, 1894) हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)